भारत सरकार

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 5405

उत्तर देने की तारीख : 25.07.2019

## सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के लिए ऋण गारंटी निधि न्यास

5405. श्री उन्मेश भैय्यासाहेब पाटिलः
डॉ. सुजय विखे पाटीलः
कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देलः

क्या सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लाभ के लिए सिडबी के सहयोग से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) हेतु ऋण गारंटी निधि न्यास शुरू किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा और इसकी मुख्य विशेषताएं क्या हैं और गत तीन वर्षों के दौरान राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कितनी निधियां अनुमोदित और उपयोग की गई हैं तथा इससे कितने व्यक्ति लाभान्वित हुए हैं;

(ग) सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए बैंक के पास उपलब्ध ऐसी अन्य ऋण गारंटी योजनाओं और कार्यक्रमों का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या ऐसी योजनाओं के लाभ प्राप्त करने के लिए कोई संपाश्विक प्रतिभूति प्रदान करना जरूरी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) बुंदेलखंड सहित आर्थिक रूप से पिछड़े क्षेत्रों में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों की सहायता हेतु सरकार द्वारा क्या पहल की गई है?

उत्तर

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री
(श्री नितिन गडकरी)

(क) : जी, हां।

(ख) : सूक्ष्म और लघु उद्यम क्षेत्र के ऋणप्राप्तकर्ताओं को ऋणप्रदाता संस्थाओं द्वारा दी जा रही ऋण सुविधाओं के संबंध में गारंटी प्रदान करने के लिए सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए क्रेडिट गारंटी योजना सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए ऋण गारंटी निधि न्यास (सीजीटीएमएसई) द्वारा कार्यान्वित की जा रही है।

सीजीटीएमएसई योजना के तहत विगत तीन वर्षों में संस्वीकृत एवं जारी की गई राशि का वर्ष-वार ब्यौरा निम्नलिखित है:

| क्र.सं | वित्त वर्ष | रुपए (करोड़ में) |
|---|---|---|
| 1. | 2016-17 | 715.68 |
| 2. | 2017-18 | 3002.00 |
| 3. | 2018-19 | 744.94 |

विगत तीन वर्षों के दौरान राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार लाभग्राहियों का विवरण अनुबंध पर संलग्न है।

(ग) : एमएसएमई मंत्रालय की अन्य कोई क्रेडिट गारंटी योजना नहीं है।

(घ) : सीजीटीएमएसई ने नई "हाइब्रिड सिक्योरिटी प्रोडक्ट" आरंभ किया है जिसमें बैंक/ऋणप्रदाता संस्थाओं को ऋण सुविधा के केवल प्रतिभूति रहित भाग के लिए कोलेटरल सिक्योरिटी प्राप्त करने की अनुमति है। सीजीटीएमएसई द्वारा गारंटीशुदा ऋण सुविधा के सुरक्षित भाग के लिए कोलेटरल सिक्योरिटी और/अथवा तृतीय पक्ष गारंटी अनिवार्य नहीं है।

(ङ) : एमएसएमई मंत्रालय की योजनाएं बुंदेलखण्ड क्षेत्र सहित देशभर में कार्यान्वित की जाती हैं।

*****

**अनुबंध**

**लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 5405 जिसका उत्तर दिनांक 25.07.2019 को दिया जाना है, के भाग (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

**विगत तीन वर्षों के लिए सीजीटीएमएसई के आंकड़ें**

| क्र.सं. | राज्य | 01/4/2016 से 31/03/2017 तक | | 01/4/2017 से 31/03/2018 तक | | 01/4/2018 से 31/03/2019 तक | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | प्रस्ताव | राशि (लाख रु. में) | प्रस्ताव | राशि (लाख रु. में) | प्रस्ताव | राशि (लाख रु. में) |
| 1 | अंडमान और निकोबार | 393 | 2288.63 | 302 | 2478.33 | 332 | 3010.01 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 13911 | 38550.77 | 10141 | 34166.69 | 29812 | 97940.75 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 824 | 3653.56 | 400 | 2937.09 | 347 | 2427.61 |
| 4 | असम | 10934 | 42725.43 | 7165 | 46752.81 | 12978 | 79268.80 |
| 5 | बिहार | 16397 | 67168.32 | 10572 | 52828 | 18464 | 129592.46 |
| 6 | चंडीगढ़ | 1307 | 6533.43 | 549 | 6242.41 | 7752 | 33530.80 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 6716 | 23573.37 | 3043 | 32280.03 | 5252 | 49729.90 |
| 8 | दादरा और नागर हवेली | 67 | 1414.64 | 101 | 3403.22 | 111 | 2468.78 |
| 9 | दमण और दीव | 60 | 1025.71 | 38 | 789.05 | 73 | 2714.21 |
| 10 | दिल्ली | 8680 | 63963.06 | 4071 | 61780.22 | 13615 | 135009.32 |
| 11 | गोवा | 2036 | 11603.38 | 1216 | 11118.82 | 1353 | 12021.80 |
| 12 | गुजरात | 15985 | 115046.56 | 9640 | 152585.14 | 21423 | 210413.86 |
| 13 | हरियाणा | 7108 | 44793.16 | 4185 | 48742.43 | 5179 | 62891.87 |
| 14 | हिमाचल प्रदेश | 6684 | 26286.55 | 3313 | 21036.43 | 2682 | 20968.72 |
| 15 | जम्मू और कश्मीर | 5557 | 15733.11 | 11538 | 25983.98 | 11724 | 34832.79 |
| 16 | झारखंड | 15106 | 92006.12 | 10007 | 94259.38 | 11281 | 124452.00 |
| 17 | कर्नाटक | 46229 | 227845.08 | 20845 | 196776.76 | 27796 | 249655.36 |
| 18 | केरल | 38194 | 97313.01 | 17816 | 57207.31 | 17189 | 85175.41 |
| 19 | लक्षदीप | 62 | 107.52 | 11 | 28.22 | 15 | 60.04 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 20479 | 103899.71 | 18766 | 116921.12 | 26325 | 157292.44 |
| 21 | महाराष्ट्र | 52623 | 283494.9 | 20223 | 238633.59 | 41206 | 371819.81 |
| 22 | मणिपुर | 878 | 3338.81 | 952 | 5295.09 | 1419 | 4388.78 |
| 23 | मेघालय | 1068 | 4277.82 | 866 | 4573.07 | 515 | 4453.89 |
| 24 | मिजोरम | 545 | 2725.69 | 355 | 1872.62 | 267 | 2309.38 |
| 25 | नागालैंड | 1432 | 4786.24 | 1226 | 5260.55 | 1003 | 3961.60 |
| 26 | ओडिशा | 18950 | 79508.54 | 12310 | 73814.3 | 19266 | 121341.35 |
| 27 | पुडुचेरी | 979 | 2354.18 | 611 | 2790.88 | 489 | 3780.72 |
| 28 | पंजाब | 11916 | 42757.49 | 7029 | 46570.08 | 6850 | 55955.76 |
| 29 | राजस्थान | 13401 | 52984.23 | 4838 | 43740.77 | 20013 | 114828.99 |
| 30 | सिक्किम | 292 | 1467.19 | 167 | 1054.06 | 280 | 2493.88 |
| 31 | तमिलनाडु | 49000 | 185823.62 | 30282 | 178410.86 | 37692 | 254301.15 |
| 32 | तेलंगाना | 13692 | 63220.21 | 6343 | 55814.23 | 17037 | 102141.47 |
| 33 | त्रिपुरा | 866 | 3043.61 | 843 | 3187.56 | 455 | 2422.38 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 48954 | 168528.05 | 29266 | 166676.03 | 49983 | 286294.52 |
| 35 | उत्तराखंड | 6000 | 26726.48 | 3630 | 24147.59 | 4693 | 31832.82 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 14802 | 82580.72 | 10535 | 86431.59 | 20649 | 161073.74 |
| | कुल | **452127** | **1993148.9** | **263195** | **1906590.31** | **435520** | **3016857.17** |